# Occupational Health & Safety Policy

Maruti Suzuki India Limited (MSIL) is committed to ensure safe & healthy working environment for all employees, contractors & their employees, suppliers, visitors and other interested parties present at MSIL sites by prevention of work-related injuries & Occupational illness & ill-health.

Objective of the MSIL Occupational Health & Safety Policy is to make the organization **"Incident Free Organization"**.

To meet our responsibilities, we shall maintain a safe working environment and have an Occupational Health & Safety Management System (OHSMS) in place to:

- **Manage Risk-** by identifying all workplace hazards, undertaking assessments, internal & external audits and taking all necessary actions for prevention & control of injury, ill-health, loss or damage by following safe work practices in operations as well as while procuring new plant, machinery & equipment.
- **Comply with legal and other obligations-** by ensuring that our business is managed in accordance with relevant occupational health & safety legislations, standards and MSIL occupational health & safety policies & procedures.
- **Establish targets & review mechanism-** we shall manage our obligations using coordinated occupational health & safety plans for each area and site, with challenging targets to measure process, leadership support and review, to ensure continual improvement aimed at the elimination of work related illness and injury to achieve our goal of Zero Incident, Health & Safety Performance shall be one of the parameters of evaluation of all including that of contractors, transporters and suppliers.
- **Provide appropriate training & information-** to all MSIL employees, contractors & their employees, suppliers, visitors and other interested parties to enable safe performance of work.
- **Ensure meaningful & effective consultation-** with the involvement of all employees and other interested parties regarding matters potentially impacting workplace health & safety.
- **Communicate-** clearly and openly MSIL's OH&S commitments & performance.
- **Promote a Culture of Safety-** we believe that all incidents are preventable and everyone is responsible for their own safety, processes, setting clearly defined responsibilities for all managers, supervisors and personnel. Any incident, unsafe act or condition shall be highlighted by the observer for prompt intervention by process owner. Adherence to Road Safety rules shall be demonstrated by all.

The Policy statement applies to all MSIL sites and shall be periodically reviewed in line with new technologies, developments including changes to legislations, understanding of best practices, and the organization of MSIL.

Hisashi Takeuchi
Managing Director & CEO

MARUTI SUZUKI

# व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति

मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एम. एस. आई. एल.) अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित समस्त कर्मचारियों, आगंतुकों, ठेकेदारों, विक्रेताओं और व्यक्तियों के लिए कार्य से संबंधित क्षति एवं व्यावसायिक अस्वस्थता की रोकथाम के लिए एक सुरक्षित एवं स्वस्थ कामकाजी वातावरण सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है।

व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति का उद्देश्य संगठन को घटना मुक्त संगठन बनाना है।

अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए हम कामकाज का एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखेंगे और निम्नलिखित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु एक व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध प्रणाली स्थापित करेंगे :

- **जोखिम प्रबंधन के लिए** : कार्यस्थल पर समस्त खतरों की पहचान और उनका आकलन करना, आंतरिक व बाह्य संपरीक्षा कार्यान्वित करना, प्रचलनों में तथा नए प्लांट, मशीनरी और उपकरणों की खरीद करते समय सुरक्षित कार्य प्रणालियों का पालन करते हुए चोट, अस्वस्थता, और क्षति की रोकथाम व नियंत्रण हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही करना।
- **कानूनी एवं अन्य दायित्वों के अनुपालन के लिए** : यह सुनिश्चित करना कि हमारा व्यापार सुसंगत व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विधानों, मानकों और एम. एस. आई. एल. व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा नीतियों एवं कार्यविधियों के अनुसार प्रबंधित हो।
- **लक्ष्य एवं समीक्षा कार्यतंत्र स्थापित करने के लिए** : प्रगति के मापन, नेतृत्व समर्थन एवं समीक्षा के चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों के साथ प्रत्येक क्षेत्र एवं स्थल के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की तालमेल पूर्ण योजनाओं का प्रयोग करते हुए हम अपने दायित्वों का प्रबंधन करेंगे ताकि अपने “शून्य क्षति” लक्ष्य को हासिल करने हेतु कार्य संबंधित अस्वस्थता एवं क्षति के उन्मूलन के उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्य-निष्पादन ठेकेदारों, परिवहन मालिकों, आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं सहित सभी व्यक्तियों में मूल्यांकन का एक प्रमुख मापदंड होगा।
- **यथोचित प्रशिक्षण एवं सूचना उपलब्ध कराने के लिए** : समस्त एम. एस. आई. एल. कर्मचारियों, ठेकेदारों व उनके कर्मचारियों, आगंतुकों तथा सभी इच्छुक पक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि कामकाज को सुरक्षित ढंग से निष्पादित कर सकें।
- **सार्थक एवं प्रभावकारी परामर्श सुनिश्चित करने के लिए** : कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्रबलता से प्रभावित करने वाले सभी मामलों के संबंध में समस्त कर्मचारियों और इच्छुक पक्षों के साथ परामर्श किया जायेगा।
- **संप्रेषण** : एम. एस. आई. एल. व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की वचनबद्धता एवं कार्यनिष्पादन का स्पष्ट व उन्मुक्त संप्रेषण (कम्युनिकेशन) करता है।
- **सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा** : हमारा विश्वास है कि समस्त घटनाओं/चोटों की रोकथाम की जा सकती है तथा प्रत्येक व्यक्ति स्वयं तथा अपने प्रक्रमों की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी है। समस्त प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, एवं कर्मचारियों की सुरक्षा संबंधित जिम्मेदारी तय होगी। किसी भी सुरक्षा रहित कृत्य या अवस्था को देखने वाले के द्वारा उजागर किया जाएगा ताकि प्रक्रिया-स्वामी फौरन हस्तक्षेप कर उसे ठीक कर सकें। सभी कर्मचारी सुनिश्चित करेंगे कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति एम. एस. आई. एल. के सभी स्थलों पर लागू होती है एवं इसकी समीक्षा समय-समय पर कानून के परिवर्तन, सर्वोत्तम प्रथाओं की समझ और कंपनी के संगठन के अनुसार की जायेगी।

हिसाशी ताकेउचि

**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**